सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

नई दिल्ली, दिनांकः 20 जुलाई, 2021

## कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित मई, 2021 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अरूप श्याम

(अरूप श्याम चौधुरी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23095091

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
17. श्री रजत कुमार मिश्रा, अपर सचिव (बजट), आर्थिक कार्य विभाग।
18. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/संयुक्त सचिव (बीसी एण्ड आईईआर)/संयुक्त सचिव(निवेश)/ सलाहकार (आईईआर)/सीएए।
20. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
21. गार्ड फाइल – 2021

सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

**विषय: मई, 2021 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

**1. बृहद-आर्थिक विहंगावलोकन**

कोविड-19 की दूसरी लहर शुरू होने से 2021-22 की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक बहाली की गति पर नकारात्मक जोखिम मंडराने लगा। मई, 2021 के पहले पखवाड़े में दूसरी लहर अपने चरम पर थी, किंतु नए मामले में गिरावट भी उतनी ही तेजी से हुई जिस गति से बढ़ोतरी हुई थी। भारत के टीकाकरण अभियान लगातार बेहतर होते रहने, कोविड-उपयुक्त व्यवहार के सूक्ष्म अवलोकन तथा भारत के सफल पहली-लहर वैश्विक महामारी प्रबंधन नीतियों का सक्रियता से अमल करने से उम्मीद बढ़ी कि अर्थव्यवस्था पर दूसरी लहर का प्रभाव कम पड़ेगा। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी जीडीपी के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, 2020-21 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि के संकुचित होकर 7.3% रह जाने का अनुमान है, जबकि 2019-20 में यह वृद्धि 4.0% थी। 2020-21 की चौथी तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 1.6% की दर से बढने का अनुमान है, जबकि 2019-20 की चौथी तिमाही में यह 3.0% की दर से बढ़ी थी। आपूर्ति पक्ष से देखें तो कृषि और संबद्ध क्षेत्र 2020-21 में 3.6% की दर से बढ़ा। जबकि, मांग पक्ष से, यद्यपि सरकारी खपत 2020-21 में 2.9% बढ़ी, निजी खपत 9.1% संकुचित हुई (सारणी-2)। सकल नियत पूंजी संरचना (जीएफसीएफ) के रूप में मापित नियत निवेश 2020-21 में 10.8% संकुचित हुआ है। 2020-21 में माल और सेवाओं का निर्यात और आयात भी क्रमश: 4.7% और 13.6% संकुचित हुआ है। क्षेत्र-वार वृद्धि दरें अनुबंध की सारणी में दी गई हैं।

**2. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां**

(i) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) ने निक्षेपों के प्रमाणपत्र संबंधी दिशानिर्देशों के साथ-साथ वित्त कंपनियों/वित्तीय इकाइयों से संबंधित परिपत्र/दिशानिर्देश जारी किए। इसके अलावा, आईएफएससीए ने विभिन्न बीमा कार्यालयों तथा बीमा मध्यवर्ती कार्यालयों के लिए शुल्क संरचना भी जारी की।

(ii) पुणे मेट्रो रेल परियोजना के लिए 150 मिलियन यूरो की दूसरी खेप (ट्रांश) के लिए वित्त संविदा पर भारत सरकार और यूरोपीय निवेश बैंक के बीच 07 मई, 2021 को हस्ताक्षर किए गए।

(iii) भारत ने सूडान ऋण राहत हेतु आस्थगित प्रभारों और विशेष आकस्मिक खाता-1 अर्थात 51.8 मिलियन के विशेष आहरण अधिकारों (एसडीआर) के अपने हिस्से में से 26% यानि 13.5 मिलियन के अंशदान करने का निर्णय लिया है।

(iv) 19 मई, 2021 को इंटरनेशनल बैंक फॉर रीकन्स्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) के साथ 500 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण राशि वाली गुजरात आऊटकम्स फॉर एक्सिलिरेटेड लर्निंग (गोल) परियोजना पर हस्ताक्षर किए गए थे।

(v) 13 मई, 2021 को आईबीआरडी के साथ 250 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण राशि वाली सपोर्टिंग आंधाज लर्निंग ट्रांसफोर्मेशन (एसएएलटी) ऑपरेशन परियोजना पर बातचीत की गई थी।

3. मई, 2021 के दौरान आयोजित महत्वपूर्ण बैठकें:

(i) सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) ने, एशियाई विकास बैंक की 54वीं वार्षिक बैठक (आभासी) के मद्देनजर सार्क वित्त मंत्रियों की 16वीं औपचारिक बैठक में शिरकत की। प्रतिनिधि मंडल के मंत्रियों/प्रमुखों ने 'कोविड19 से आर्थिक बहाली: समावेशी और लचीले विकास की दिशा में' विषय पर संक्षेप में बातें कहीं।

(ii) सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) ने चौथे भारत-स्विट्जरलैण्ड वित्तीय संवाद की सह-अध्यक्षता की जिसमें वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार (एफएस और सीएस) ने नई प्रौद्योगिकी तथा वित्तीय सेवाओं पर मुख्य विचारक के रूप में भाग लिया।

(iii) मंडल के एक सदस्य के रूप में, सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) ने भारतीय रिजर्व बैंक केंद्रीय बोर्ड की 589वीं बैठक में भाग लिया।

(iv) सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) ने, पीपीपी मोड के तहत मिनिकॉय द्वीप, लक्षद्वीप में पर्यावरणीय पर्यटन रिसॉर्ट्स के विकास के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की 102वीं बैठक की भी अध्यक्षता की। पीपीपीएसी ने परियोजना प्रस्ताव को 'सैद्धांतिक तथा अंतिम अनुमोदन' दे दिया तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा की।

(v) पीपीपीएसी की 103वीं बैठक की अध्यक्षता भी सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) द्वारा की गई जहां सूरत एमएमटीएच के विकास तथा पीपीपी मोड पर उधना रेलवे स्टेशन के लिए रेल मंत्रालय के परियोजना प्रस्ताव को ''सैद्धांतिक'' अनुमोदन दिया गया।

(vi) मई, 2021 में एम्पावर्ड ग्रुप ऑन इकोनॉमिक वैलफेयर (ईजीईडब्ल्यू) की चार बैठकें आयोजित की गई थीं।
(vii) अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सर्राफा बाजार के प्रचालन के लिए संचालन समिति की दूसरी बैठक में भाग लिया। उन्होंने दीर्घकालिक वित्त पर कार्यबल की दूसरी बैठक में भी भाग लिया।

(viii) वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग ने जी-20 को प्रस्तुत की जाने वाली अगली वार्षिक रिपोर्ट की विषय-वस्तु तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सदस्य अधिकार-क्षेत्र की कोविड-19 नीति प्रतिक्रियाओं की अनुकूलता पर चर्चा करने के लिए मानकों के कार्यान्वयन पर वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया, जो अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय मानकों के कार्यान्वयन की देखरेख करती है। इसके अतिरिक्त, एफएसबी के तहत समकक्ष समीक्षा समूह में भारत

से सदस्य के रूप में, उन्होंने इस समूह की विभिन्न बैठकों में भी भाग लिया। उस माह के दौरान उन्होंने निजी क्षेत्र तथा कॉर्पोरेट नवीनीकरण के कर्मचारियों के साथ आयोजित सलाहकार कार्यशाला में भी भाग लिया।

(ix) एशिया के लिए एफएसबी क्षेत्रीय सलाहकार समूह (आरसीजी) ने एशिया को प्रभावित करने वाले अतिसंवेदनशीलताओं तथा वित्तीय स्थिरता मामलों तथा क्षेत्र में कोविड-19 महामारी के प्रभाव पर विचार-विमर्श करने के लिए एक आभासी बैठक का आयोजन किया। वित्तीय प्रणाली की कमजोरियों और निगरानी के साथ-साथ जोखिम दृष्टिकोण पर असर डालने वाले प्रमुख आर्थिक विकास पर चर्चा करने के लिए अरली वार्निंग ग्रुप (ईडब्ल्यूजी) की 23वीं बैठक का आयोजन किया गया था। स्टॉक जांच के सारांश तथा रिपोर्ट के अगले घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए जलवायु जोखिम पर कार्यकारी समूह की बैठक का आयोजन किया गया था।

(x) द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर भारत तथा स्विट्जरलैण्ड के बीच चर्चा तथा बीआईटी पर भारत तथा यूएई के बीच वार्तालाप का चौथा दौर भी रखा गया था।

(xi) आईएमएफ व्यापक निगरानी समीक्षा (सीएसआर) बैठक में, भारत ने आईएमएफ निगरानी में जलवायु परिवर्तन के समावेशन के विरोध में कार्यपालक निदेशक कार्यालय, आईएमएफ को अपनी टिप्पणियां सूचित की।

(xii) आर्थिक कार्य विभाग ने न्यू डेवलपमेंट बैंक के साथ मिलकर वित्तीय सामाजिक अवसंरचना तथा डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर भारत के ब्रिक्स चेयर 2021 के तहत एक आभासी संगोष्ठी का आयोजन किया।

(xiii) मई, 2021 के दौरान एशियन इंफ्रास्ट्रकचर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) परियोजनाओं की पांचवीं त्रिकोणीय पोर्टफोलियों समीक्षा बैठक (टीआरपीएम) का आयोजन किया गया।

**4. न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन**

विशेष रूप से, सूचना की प्रस्तुति में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**5. एसीसी निदेशों/आदेशों की गैर-अनुपालना**

शून्य

**6. इस माह के दौरान पारित एफडीआई प्रस्ताव तथा विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति:**

विभाग में प्रतीक्षारत अनुमोदन : 12

----

| सारणी 1: आर्थिक कार्यकलाप के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए और बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| क्षेत्र | स्थिर मूल्यों पर वृद्धि (2011-12) (प्रतिशत में) | |
| | 2019-20 प्रथम संशोधित अनुमान | 2020-21 अनंतिम अनुमान |
| **कृषि, वानिकी एवं मत्स्य** | **4.3** | **3.6** |
| **उद्योग** | **-1.2** | **-7.0** |
| खनन और उत्खनन | -2.5 | -8.5 |
| विनिर्माण | -2.4 | -7.2 |
| विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 2.1 | 1.9 |
| निर्माण | 1.0 | -8.6 |
| **सेवाएं** | **7.2** | **-8.4** |
| व्यापार, होटल, परिवहन भंडारण | 6.4 | -18.2 |
| वित्तीय, रियल स्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 7.3 | -1.5 |
| लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 8.3 | -4.6 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | **4.1** | **-6.2** |
| **बाजार मूल्यों पर जीडीपी** | **4.0** | **-7.3** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।

टिप्पणी: सं.अनु.: संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अनंतिम अनुमान

| सारणी 2: जीडीपी की मांग में वार्षिक वास्तविक वृद्धि और इसके घटक (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| घटक | 2019-20 प्रथम संशोधित अनुमान | 2020-21 अनंतिम अनुमान |
| कुल खपत | 5.9 | -7.3 |
| सरकारी खपत | 7.9 | 2.9 |
| निजी खपत | 5.5 | -9.1 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 5.4 | -10.8 |
| निर्यात | -3.3 | -4.7 |
| आयात | -0.8 | -13.6 |
| **जीडीपी** | **4.0** | **-7.3** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।

टिप्पणी: संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अनंतिम अनुमान

| सारणी 3: मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2020 | मार्च,2021 | अप्रैल,2021 |
| सीपीआई-सी | 7.22 | 5.52 | 4.29 |
| डब्ल्यूपीआई | (-)1.57 | 7.39 | 10.49 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

टिप्पणी: 1. पिछले दो महीने के डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

2. अप्रैल, 2020 माह के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अभ्यारोपित की गई है जोकि कोविड-19 महामारी के कारण सीमित अवलोकनों पर आधारित है।

| सारणी 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | **14.5.2021** |
| नीति रेपो दर | 4.0 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज (एफबीआईएल) | 6.2 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 6.0 |

टिप्पणी: # 07.05.2021 की स्थिति के अनुसार

| सारणी 5: व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर)(बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| अप्रैल, 2020 | 10.4 | 17.1 | -6.8 |
| अप्रैल, 2021 | 30.6 | 45.7 | -15.1 |

| सारणी 6: व्यापार निष्पादन सेवाएं (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| मार्च, **2021** | 20.5 | 12.5 | 7.9 |

स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 14.05.2021 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम आंकड़े।

| सारणी 7: भुगतान शेष | | |
|---|---|---|
| मदें | 2019-20(अप्रैल-दिसम्बर) | 2020-21 (पी) (अप्रैल-दिसम्बर) |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डालर में) | -25.1 | 32.4 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत में) | -1.2 | 1.7 |

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक।

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 21 मई, 2021 | 592.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | |

| सारणी 9: भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पाउंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| 11 मई, 2021 | 73.4518 | 103.6757 | 89.1514 | 67.4400 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | | | |

| सारणी 10: विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | दिसम्बर, 2019 पीआर के अंत तक (1) | दिसम्बर, 2020 पी के अंत तक (2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 564.0 | 563.5 | -0.08 |
| स्रोत: दिसम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, आर्थिक कार्य विभाग | | | |

| सारणी 11: औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिंदु | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | जनवरी,2020 | फरवरी,2020 | मार्च, 2020 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 2.2 | 5.2 | -18.7 |
| मासिक वृद्धि | जनवरी,2021 | फरवरी,2021 | मार्च, 2021 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -0.9 | -3.4 | 22.4 |

| सारणी 12: आठ प्रमुख उद्योग | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | फरवरी, 2020 | मार्च, 2020 | अप्रैल, 2020 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | 6.4 | -8.6 | -37.9 |
| मासिक वृद्धि | फरवरी, 2021 | मार्च, 2021 | अप्रैल, 2021 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -3.8 | 11.4 | 56.1 |

*****